खण्ड-07 सत्र-04 / अंक-36

शुक्रवार 17 मार्च, 2023 / 26 फाल्गुन, 1944 (शक)

# दिल्ली विधान सभा

## की

## कार्यवाही

सत्यमेव जयते

## सातवीं विधान सभा

## चौथा सत्र

**अधिकृत विवरण**

(खण्ड-07 सत्र-04 में अंक 36 से अंक 43 तक सम्मिलित हैं)

**दिल्ली विधान सभा सचिवालय**

पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054

सम्पादक वर्ग

EDITORIAL BOARD

राज कुमार

सचिव

RAJ KUMAR

Secretary

महेन्द्र गुप्ता

उप-सचिव (सम्पादन)

MAHENDRA GUPTA

Deputy Secretary (Editing)

# विषय सूची

सत्र-4 शुक्रवार, 17 मार्च, 2023/26 फाल्गुन, 1944(शक) अंक-36


| क्र.सं. | विषय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1. | सदन में उपस्थित सदस्यों की सूची | 1-2 |
| 2. | निधन संबंधी उल्लेख | 4 |
| 3. | बधाई प्रस्ताव | 5 |
| 4. | माननीय उपराज्यपाल का अभिभाषण | 6-43 |
| 5. | समितियों का निर्वाचन | 43-45 |

# दिल्ली विधान सभा

## की

## कार्यवाही

**सत्र-4 शुक्रवार, 17 मार्च, 2023/26 फाल्गुन, 1944 (शक) अंक-36**

## दिल्ली विधान सभा

**सदन पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुआ।**

निम्नलिखित सदस्य सदन में उपस्थित हुए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री अजेश यादव | 11 | श्री दुर्गेश कुमार |
| 2 | श्री अखिलेशपति त्रिपाठी | 12 | श्री गिरीश सोनी |
| 3 | श्रीमती ए. धनवंती चंदीला ए. | 13 | श्री गुलाब सिंह |
| 4. | श्री अजय दत्त | 14 | श्री हाजी युनूस |
| 5. | श्री अब्दुल रहमान | 15 | श्री जय भगवान |
| 6 | श्रीमती बंदना कुमारी | 16 | श्री जरनैल सिंह |
| 7 | सुश्री भावना गौड | 17 | श्री करतार सिंह तंवर |
| 8 | श्री बी एस जून | 18 | श्री कुलदीप कुमार |
| 9 | श्री धर्मपाल लाकड़ा | 19 | श्री महेंद्र गोयल |
| 10 | श्री दिनेश मोहनिया | 20 | श्री मुकेश अहलावत |

21 श्री नरेश बाल्यान

22 श्री नरेश यादव

23 श्रीमती प्रीति जितेंद्र तोमर

24 श्री प्रवीण कुमार

25 श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस

26 श्री प्रकाश जारवाल

27 श्री ऋतुराज गोविंद

28 श्री रघुविंदर शौकीन

29 श्री राजेश गुप्ता

30 श्री राजेन्द्र पाल गौतम

31 श्रीमती राजकुमारी ढिल्लों

32 श्री रोहित कुमार

33 श्री शरद कुमार चौहान

34 श्री संजीव झा

35 श्री सोमदत्त

36 श्री शिवचरण गोयल

37 श्री सोमनाथ भारती

38 श्री सही राम

39 श्री एस के बग्गा

40 श्री सुरेंद्र कुमार

41 श्री विशेष रवि

42 श्री विनय मिश्रा

43 श्री वीरेंद्र सिंह कादियान

44 श्री अभय वर्मा

45 श्री अनिल कुमार बाजपेयी

46 श्री अजय कुमार महावर

47 श्री जितेंद्र महाजन

48 श्री महेन्द्र यादव

49 श्री मदन लाल

50 श्री मोहन सिंह बिष्ट

51 श्री ओमप्रकाश शर्मा

52 श्री पवन शर्मा

53 श्री प्रलाद सिंह साहनी

54 श्री राजेश ऋषि

55 श्री विजेंद्र गुप्ता

# दिल्ली विधान सभा

## की

## कार्यवाही

सत्र-4 शुक्रवार, 17 मार्च, 2023/26 फाल्गुन, 1944(शक) अंक-36

## दिल्ली विधान सभा

**सदन अपराह्न 12.10 बजे समवेत हुआ ।**

**माननीय अध्यक्ष (श्री राम निवास गोयल) पीठासीन हुए ।**

**राष्ट्रगीत-वन्दे मातरम्**

**माननीय अध्यक्षः** माननीय सदस्यगण, सातवीं विधानसभा के चौथे सत्र में आप आपका हार्दिक स्वागत है। आप सब जानते हैं कि यह बजट सत्र है। इसमें उपराज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर ध न्यवाद प्रस्ताव और बजट पर चर्चा करने के दौरान आपको विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार प्रकट करने का पूरा मौका मिलेगा। मेरा सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि वे शालीनतापूर्वक सहज भाव से अपने विचार सदन में प्रस्तुत करें और सदन का समय खराब न होने दें। सदन के समय का अधिकतम सदुपयोग करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आप सबसे मेरा यह भी अनुरोध है कि सदन की कार्यवाही में नियमित रूप से भाग लें और निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित हों। इसके अलावा कार्यसूची में

सूचीबद्ध विषयों के अतिरिक्त किसी भी अन्य विषय को मेरी अनुमति के बिना न उठायें। मुझे आशा है कि आप सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से संचालित करने में मुझे सहयोग देंगे।

**निधन संबंधी उल्लेख**

माननीय सदस्यगण, आप सबको विदित है कि दिनांक 06 फरवरी, 2023 को तुर्की और सीरिया में आये भूकंप से बहुत ज्यादा तबाही हुई समाचार एजेंसियों के आंकड़ों के अनुसार कम से कम 54 हजार लोग मारे गये, सवा लाख से ज्यादा घायल हुए, 24 लाख लोग विस्थापित हुए और कुल मिलाकर लगभग ढाई करोड़ लोग भूकंप से प्रभावित हुए। यह प्राकृतिक आपदा में कई अरब रूपये की संपत्ति नष्ट हो गई मैं अपनी ओर से तथा पूरे सदन की ओर से इस भूकंप के कारण जान गंवाने वाले लोगों के प्रति हार्दिक शोक संवेदना प्रकट करता हूं तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। विस्थापित लोगों का जीवन सामान्य होने में अभी समय लगेगा लेकिन ईश्वर से प्रार्थना है कि उनको इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

अब दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए सदन द्वारा दो मिनट का मौन धारण किया जायेगा।

**(सदन द्वारा दो मिनट का मौन धारण किया गया।)**

## बधाई प्रस्ताव

**माननीय अध्यक्षः** माननीय सदस्यगण, यह हमारे देश के लिये बहुत खुशी और गौरव का अवसर रहा है कि लॉस एंजेलिस में आयोजित 95वें ऑस्कर पुरस्कार वितरण समारोह में पहली बार दो भारतीय फिल्मों ने ऑस्कर अवार्ड जीता। फिल्म आर.आर.आर. के गीत 'नाटू नाटू' ने सर्वश्रेष्ठ मूलगीत की श्रेणी में ऑस्कर अवार्ड जीता और सर्वश्रेष्ठ शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री श्रेणी का अवार्ड 'द एलिफेंट व्हीस्पर्स' को मिला।

मैं अपनी ओर से तथा पूरे सदन की ओर से फिल्म आर.आर.आर. के निर्देशक एस.एस राजामौली, संगीतकार एम.एम किरवानी, गीतकार चंद्रबोस तथा 'द एलिफेंट विहस्पर्स' की निर्देशक कार्तिकी गोंजालविस और निर्माता गुनीत मोंगा और इन दोनों फिल्मों की पूरी टीम को ऑस्कर अवार्ड जीतने पर हार्दिक बधाई देता हूं। आशा है कि इस उत्कृष्ट उपलब्धि से भारतीय फिल्म जगत् के अन्य निर्माता-निर्देशकों और कलाकारों को प्रेरणा मिलेगी और फिल्म निर्माण का स्तर और भी ज्यादा उन्नत होगा।

**श्री विशेष रविः** सर इसमें जो 'The Elephant whisperes' फिल्म के प्रोड्यूसर हैं जिनको आस्कर मिला है, दिल्ली की रहने वाली हैं करोलबाग क्षेत्र की रहने वाली हैं और ये हम सब के लिए गर्व की बात है।

...(व्यवधान)...

**माननीय अध्यक्षः** अब सचिव, विधान सभा तथा उपराज्यपाल महोदय के अभिभाषण की हिन्दी तथा अंग्रेजी प्रति सदन पटल पर प्रस्तुत करेंगे।

**सचिव, विधान सभाः** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से माननीय उपराज्यपाल महोदय के अभिभाषण की हिन्दी तथा अंग्रेजी प्रति सदन पटल पर प्रस्तुत करता हूँ।[1]

**माननीय उप-राज्यपाल का अभिभाषण**

माननीय अध्यक्ष महोदय और माननीय सदस्यगण,

मैं दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र में आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूँ। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि मेरी सरकार ने पिछले आठ वर्षों में पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता के सिद्धांतों पर आधारित सुशासन प्रदान किया है। विभिन्न बाधाओं के बावजूद, मेरी सरकार ने अनेक मोर्चों पर कई पहल किये हैं और एक मजबूत आधार तैयार किया है जिससे एक विकसित और समृद्ध दिल्ली बनाने में मदद मिलेगी। लोगों के प्रति अपनी वचनबद्धता के रूप में मेरी सरकार ने विकास के हर क्षेत्र में, उत्कृष्टता हासिल करने के लिए अपना भरसक प्रयास किया है।

**अर्थव्यवस्था**

- दिल्ली की अर्थव्यवस्था में एक मजबूत अर्थव्यवस्था के गुण हैं। कोविड–19 वासरस की महामारी ने अर्थव्यवस्था में वस्तुओं और सेवाओं की मांग एवं आपूर्ति पर प्रतिकूल प्रभाव डाला; फिर भी दिल्ली मजबूत आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों का एक गढ़ बनी हुई है।
- दिल्ली का GSDP मौजूदा कीमतों पर, 2016–17 के 6,16,085 करोड़ रुपये से बढ़कर 2021–22 के दौरान 9,23,967 करोड़ रुपये हो गया। इसमें 50% की वृद्धि दर्ज की गई।
- देश की कुल जनसंख्या में 1.52% की हिस्सेदारी के बावजूद current price पर NGDP में दिल्ली का योगदान 4.22% है।
- 2020–21 के दौरान 3,44,136 रुपये की तुलना में 2021–22 के दौरान दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय 16.81% की वृद्धि दर्ज करते हुए 4,01,982 रुपये हो गयी।
- दिल्ली की अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र का हिस्सा लगभग 83.94% है। दिल्ली सरकार अगले पांच वर्षों में दिल्ली की कामकाजी आबादी के प्रतिशत को मौजूदा 33% से बढ़ाकर 45% करने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

- मेरी सरकार ने दिल्ली के नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने और पिछले कुछ वर्षों में कोविड–19 सम्बंधित प्रतिबंधों के कारण अर्थव्यवस्था को हुए नुकसान से उबरने के लिए 'रोज़गार बजट' पेश किया।
- नए रोजगार सृजित करने के लिए खुदरा क्षेत्र, खाद्य एवं पेय पदार्थ।, रसद एवं आपूर्ति, यात्रा एवं पर्यटन, मनोरंजन, निर्माण, रियल एस्टेट, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक वाहन और हरित ऊर्जा आदि को प्राथमिकता दी गई है।

**शिक्षा**

- बुनियादी ढांचे द्वारा समर्थित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मेरी सरकार का घोषित लक्ष्य रहा है।
- शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार पर सरकार के बल देने के परिणामस्वरूप, दिल्ली के छात्रों ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।
- शैक्षणिक सत्र 2021–22 के दौरान स्कूलों ने कक्षा 12वीं और 10वीं में क्रमशः 98% और 97% का पास प्रतिशत दर्ज किया।
- 'दिल्ली स्कूल शिक्षा बोर्ड' (DBSE) की स्थापना की गई है। इस बोर्ड ने दिल्ली के स्कूलों में अत्याधुनिक शिक्षा विकसित करने के लिए इंटरनेशनल बॅकलॉरेट (International Baccalaureate) के साथ साझेदारी की है।

- बोर्ड ने दिल्ली सरकार के 30 स्कूलों के साथ 2021-22 में काम करना शुरु किया। इस साल 11 और स्कूल DBSE से संबद्ध हो गए हैं। अगले कुछ वर्षों में कवरेज का दायरा इच्छुक निजी स्कूलों तक भी बढ़ाया जाएगा।
- स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस (SOSE) विश्व स्तर के स्कूल हैं जो उन छात्रों के लिए हैं जो अध्ययन में गहरी रुचि और योग्यता रखते हैं।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के अनुरूप, SOSE छात्रों का विकास करना चाहता है ताकि वे अपनी पूरी क्षमता हासिल कर सकें। वर्तमान में, लगभग 6000 छात्रों के साथ 31 SOSE स्कूल; STEM, Humanities, Performing & Visual Arts, 21वीं सदी के उच्च कौशल और सशस्त्र सेना तैयारी स्कूल आदि के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं।
- ये स्कूल ग्रेड 9 से 12 तक हैं। कम उम्र में विशेषज्ञता की सुविधा देकर, SOSEs छात्रों को उनके संबंधित क्षेत्रों में उनके चुने हुए उच्च शिक्षा मार्गों और aspirational करियर के लिए तैयार करना चाहते हैं।
- कक्षा 3 से कक्षा 9 तक के बच्चों को बुनियादी पढ़ने-लिखने और बुनियादी गणित की समझ बढ़ाने के लिए 'मिशन बुनियाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया है और इससे छात्रों के सीखने के स्तर में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया है।

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप, "Hobby Hub" कार्यक्रम के तहत, इच्छुक शिक्षाविदों/व्यक्तियों/एन.जी.ओ. द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्रों की क्षमताओं और कौशल को बढ़ाया जा रहा है।
- यह कार्यक्रम स्कूलों को स्कूल के समय के बाद अपने संसाधनों और बुनियादी ढांचे का पूरी क्षमता से उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करता है।
- छात्रों में बोध, भाषा, साक्षरता, अंकगणित और कला में विकास को बढ़ावा देने के लिए 'Happiness Curriculum' को लागू किया गया है।
- इससे छात्रों को जागरुक, जागृत, सहानुभूतिपूर्ण और दृढ़ होने के लिए तैयार किया जा सकेगा।
- सभी कक्षाओं को 5 वर्षों के भीतर डिजिटल कक्षाओं में परिवर्तित कर दिया जाएगा। बोलकर विचार साझा करने के लिए कक्षा 3 से 12 तक के छात्रों के लिए सभी स्कूलों में 'Project Voice' शुरू किया जा रहा है।
- कम उम्र में बेघर हुए बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए मेरी सरकार ने उन्हें भोजन, आश्रय और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए आधुनिक सुविधा सहित एक बोर्डिंग स्कूल स्थापित करने का निर्णय लिया है।

- Delhi Skill and Entrepreneur University (DSEU) ने Skill Oriented कार्यक्रम प्रदान करने के लिए उभरते क्षेत्रों में विभिन्न पाठयक्रम जोड़े हैं।
- नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विभिन्न फाउंडेशन कोर्स और सर्टिफिकेट कोर्स शुरु हो गए हैं।
- Delhi Pharmaceutical Sciences & Resaearch University ने अति–आधुनिक सुविधाओं के साथ एक Centre of Excellence - 'Centre for Precision Medicine' जोड़ा है। इससे RTPCR, जीनोम स्टडी आदि के रिसर्च में मदद मिलेगी।
- दिल्ली Technological University के लिए दूसरे चरण का निर्माण कार्य पूरा हो गया है।
- इंदिरा गांधी दिल्ली महिला तकनीकी विश्वविद्यालय, बेहतर करियर और भविष्य की संभावनाओं के प्रति प्रेरणा के लिए स्कूली छात्रों के लिए परामर्श कार्यक्रम चला रहा है।

**सामाजिक सुरक्षा और कल्याण**

- मेरी सरकार समावेशी विकास में विश्वास करती है। सरकार ने महिलाओं, बुजुर्ग और गरीब से गरीब लोगों की मदद के लिए विशेष प्रयास किए हैं।

- वृद्धावस्था सहायता योजना के तहत 4.08 लाख और विशेष आवश्यकता वाले 1.10 लाख लाभार्थियों को पेंशन का भुगतान किया गया है
- इसी प्रकार 1668 गरीब विधवाओं को अपनी पुत्रियों के विवाह हेतु आर्थिक सहायता योजना के तहत एकमुश्त 30,000 रुपये, स्वीकृत किये गये 3.50 लाख संकटग्रस्त महिलाओं को भी वित्तीय सहायता प्रदान की गई।
- महिलाओं के खिलाफ हिंसा और भेदभाव को खत्म करने के लिए सरकार के प्रयासों को मजबूत करने के लिए सरकार ने संयुक्त राष्ट्र (UN-Women) के साथ दो साल के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- इससे सभी क्षेत्रों में संसाधनों तक महिलाओं की पहुंच और उनके आर्थिक सशक्तिकरण के अवसर बढ़ेंगे।
- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा 08 छात्रवृत्ति योजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है। 'जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना' के तहत 38 और कोचिंग संस्थाओं को दिल्ली सरकार के पैनल में शामिल किया गया है।
- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ अल्पसंख्यक छात्रों के लिए 'मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रतिभा योजना' नामक एक

नई योजना शुरु की गई है। इस योजना के तहत कक्षा 9वीं और 10वीं के छात्रों को प्रति वर्ष 5,000/– रुपये और कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्रों को 10,000/– रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

- सरकार मजदूरों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन रु. 16,792/– प्रति माह है; अर्ध–कुशल श्रमिकों के लिए यह 18,499/– रुपये प्रति माह है जबकि कुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी 20,357/– रुपये प्रति माह है। ये दरें देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सबसे अधिक हैं और A-श्रेणी के शहरों में केंद्र सरकार की दरों के बराबर हैं। ई–श्रम पोर्टल पर अभी तक लगभग 32.42 लाख असंगठित श्रमिकों का पंजीयन पूरा किया जा चुका है।

**आधारभूत संरचना**

- शहर के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए Underpass, Flyover, Sub-way से संबंधित कई परियोजनाओं का निर्माण पूरा कर लिया गया है।
- आश्रम चौक पर Underpass और Flyover का निर्माण पूरा हो चुका है और Flyover का विस्तार DND तक किया गया है।

- पुराना किला रोड से बेनिटो जुआरेज मार्ग तक Underpass, बसई दारापुर में नजफगढ़ नाले पर पुल और सराय काले खां से मयूर विहार तक बारापुला फेज-3 की Elevated Road का काम पूरा हो गया है।
- कैर गांव स्थित खेल परिसर और सर्वोदय विद्यालय, प्रहलादपुर, दिल्ली में Synthetic Athletic Track का काम पूरा हो गया है।
- विवेकानंद कॉलेज, विवेक विहार में सिंथेटिक हॉकी कोर्ट और विदेशी छात्रों के लिए गर्ल्स हॉस्टल और बॉयज हॉस्टल और NSUT Campus, सेक्टर-3, द्वारका में इंजीनियरिंग ऑफिस ब्लॉक का काम भी पूरा हो गया है।
- पूरी दिल्ली में 1,35,500 CCTV कैमरे लगाए गए हैं। स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के अवसर पर सरकार ने विभिन्न स्थानों पर 115 फीट और 165 फीट ऊँचाई के 500 राष्ट्रीय झंडे लगाये हैं ताकि दिल्ली का हर नागरिक हर दो-तीन किलोमीटर के बाद एक राष्ट्रीय ध्वज देखकर गर्व महसूस करे।
- स्कूलों के बुनियादी ढांचे में सुधार किया गया है और लगभग 20,000 कक्षाओं का उद्घाटन किया गया है।
- हमारी सभी भविष्य की इमारतें Zero Waste के साथ Net Zero Green Building होंगी।

- हम Streetscaping Programme के माध्यम से सड़कों के पूर्ण परिवर्तन की योजना बना रहे हैं।

- पेयजल आपूर्ति में सुधार के लिए 34 किलोमीटर पानी की नई पाइपलाइनें बिछाई गई हैं और 117 किलोमीटर पुरानी और जंग लगी लाइनें बदली गई हैं। चंद्रावल WTP और वजीराबाद WTP की परियोजनाएं पूरी होने वाली हैं। सीवर लाइनों की वहन क्षमता में सुधार के लिए लगभग 167 कि.मी. परिधीय Sewer Lines को trenchless तकनीक से पुनः स्थापित किया गया है।

**स्वास्थ्य**

- नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना सरकार के प्रमुख उद्देश्यों में से एक है।

- स्वास्थ्य के क्षेत्र में मजबूत बुनियादी ढांचे जैसे 38 Multispeciality अस्पताल, 174 Allopathic Dispensary, 522 आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक, 30 Polyclinic, 60 Primary Urban Health Center, 46 आयुर्वेदिक, 22 यूनानी, 107 होम्योपैथिक डिस्पेंसरी, 22 मोबाइल क्लीनिक आदि बनाए गए हैं।

- दिल्ली के सभी नागरिकों को निवारक, प्रोत्साहक और उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

- स्कूली बच्चों को 61 केन्द्रों पर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सेवाएं भी दी जा रही हैं।
- ज्वालापुरी, सिरसपुर, मादीपुर और विकासपुरी में नए अस्पतालों का निर्माण किया जा रहा है। 19 मौजूदा अस्पतालों की remodelling भी की जा चुकी है।
- बिंदापुर, बापरोला, दीनदारपुर, केशवपुरम और संगम विहार में 05 नए अस्पतालों के प्रस्ताव भी योजना के स्तर पर है।
- नए अस्पतालों के पूरा होने और अस्पतालों की remodelling के बाद 16,000 से अधिक बेड जोड़े जाएंगे।
- दिल्ली सरकार के सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले रोगियों को सभी आवश्यक दवाएं निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं। जिन रोगियों को किन्हीं कारणों से दिल्ली सरकार के अस्पतालों में उपचार उपलब्ध नहीं कराया जा सकता है, उन्हें चिन्हित निजी अस्पतालों के माध्यम से 'दिल्ली आरोग्य कोष' के तहत मुफ्त इलाज प्रदान किया जा रहा है।
- स्वास्थ्य सूचना प्रबंधन प्रणाली (HMIS) परियोजना कार्यान्वयन के चरण में है। पायलट परियोजना दो अस्पतालों में की जाएगी और बाद में इस परियोजना को सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों तक बढ़ाया जाएगा।

- स्वास्थ्य कार्ड परियोजना शुरु की गई है, जिसका उद्देश्य दिल्ली के सभी पात्र निवासियों को स्वास्थ्य कार्ड प्रदान करना है।
- इसमें मतदाता पहचान पत्र के आधार पर QR कोड आधारित स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया जाएगा। इससे सभी नागरिकों को समय पर इलाज कराने में आसानी होगी।

**ऊर्जा**

- सरकार ने एक महीने में 200 यूनिट तक बिजली का उपयोग करने वाले घरेलू उपभेक्ताओं की पूरी बिल राशि और 201 यूनिट से 400 यूनिट तक का उपयोग करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं के लिए प्रति माह 800 रुपये तक बिजली सब्सिडी का विस्तार किया है।
- 29.06.2022 को 7695 मेगावाट की Peak Load Demand को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। बिजली आउटेज घटकर 0.02% हो गया है।
- दिल्ली में बिजली की दर पड़ोसी राज्यों में सबसे कम है।
- सरकार ने Renewable Energy को बढ़ावा देने के लिए भी प्रयास किए हैं। अब तक दिल्ली में 238 मेगावाट क्षमता के Rooftop Solar PV System लगाए जा चुके हैं। हरित और

स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के लिए 846 Electric Charging Stations स्थापित किए गए हैं।

**परिवहन**

- मेरी सरकार ने अपने सबसे महत्वपूण उद्देश्यों में सार्वजनिक परिवहन और आधुनिक तरीके से डिजाइन किए गए बुनियादी ढांचे को रखा है।

- दिल्ली परिवहन निगम के पास कुल 4010 बसों का बेड़ा है, जिनमें से 3760 low-floor बसें हैं और 250 Zero Emission वाली ई–बसें हैं। 1500 अतिरिक्त इलेक्ट्रिक बसें जोड़ी जा रही हैं।

- बस डिपो का पुनर्विकास और अधुनिकीकरण किया गया है। 30 नए बस रूट चिन्हित किए गए हैं। यात्रियों खासकर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बसों के अंदर मार्शल तैनात किए गए हैं।

- दिल्ली मेट्रो का मौजूदा नेटवर्क 390 किलोमीटर है। पिंक लाइन के मयूर विहार पॉकेट–1 और त्रिलोकपुरी–संजय लेक मेट्रो स्टेशनों के बीच कनेक्टिंग लिंक चालू कर दिया गया है।

- इस महत्वपूर्ण संपर्क के खुलने के साथ ही 59 किलोमीटर लंबी पिंक लाइन दिल्ली के उत्तरी और पूर्वी छोर को निर्बाध

रुप से जोड़ेगी। पिंक लाइन को 'Ring Corridor' के रुप में भी जाना जाता है।

- यह दिल्ली मेट्रो का सबसे लंबा कॉरिडोर होगा, जो सभी मौजूदा मार्गों के साथ इंटरचेंज सुविधाओं के साथ एक रिंग का निर्माण करेगा।
- इसके अलावा नजफगढ़–ढांसा बस स्टैंड के Gray-line विस्तार को भी चालू कर दिया गया है।
- कीर्तिनगर–बमनोली गांव मेट्रोलाइट कॉरिडोर 19 कि.मी. और 21 स्टेशनों को मंजूरी दी जा रही है।
- परिवहन विभाग ने सभी सार्वजनिक सेवाओं को faceless तरीके से प्रदान करने के लिए एक बड़ी पहल की है। परिवहन विभाग के कार्यालयों में जाकर काम कराने की आवश्यकता को समाप्त किया गया है। दिल्ली के निवासी 33 परिवहन दस्तावेजों का ऑनलाइन लाभ प्राप्त कर सकते हैं।
- महिलाओं को भारी और हल्के मोटर वाहन चलाने का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे बस बेड़े और Cab aggregators में चालक के रुप में शामिल हो सके।

**पर्यावरण**

- सरकार हरित और स्वच्छ दिल्ली की लिए प्रतिबद्ध है। वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए लगातार व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। 40 स्टेशनों पर Continuous Ambient Air Quality Monitoring Stations स्थापित किए गए हैं।
- धूल प्रदूषण को कम करने के लिए पूरी दिल्ली में मैकेनिकनल रोड स्वीपर और वाटर स्प्रिंकलर तथा एंटी–स्मॉग गन तैनात किए गए हैं।
- वायु प्रदूषण के स्तर में सुधार की दिशा में सरकार के प्रयासों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।
- 'गंभीर' वायु गुणवत्ता 2021 में 24 दिनों से गिरकर 2022 में 06 दिन रह गई।
- यमुना नदी के संरक्षण के लिए 13 CETP और 35 STP सीवेज और Industrial Effluent पर नियंत्रण रख रहे हैं।
- यमुना नदी में गिरने वाले 18 प्रमुख नालों को इंटरसेप्टर सीवर परियोजना में कवर किया गया है और उनके कमान क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले उप–नालों के प्रवाह को रोक कर उपचारित किया गया है।

- 78% अनधिकृत कॉलोनियां भी सीवरेज सिस्टम से जोड़ी गयी हैं। दिल्ली के वेटलैंड प्राधिकरण ने 1018 जल निकायों की जिया–टैगिंग और मैपिंग का काम पूरा कर लिया है।
- मिशन मोड में Single Use Plastic को खत्म करने के लिए विशेष कार्य बल का गठन किया गया है और व्यापक कार्य योजना तैयार की गई है।
- Green Cover और Wild Life को बढ़ाने और संरक्षित करने के लिए मेरी सरकार सक्रिय रूप से काम कर रही है। Green Cover बढ़कर 342 वर्ग किमी हो गया है, जो 23.06% भौगोलिक क्षेत्र को कवर करता है।
- विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 42.81 लाख पौधों के वार्षिक वृक्षारोपण लक्ष्य के साथ हरित कार्य योजना 2022–23 की शुरुआत की गई है।
- वन महोत्सव–2022 के दौरान असोला भाटी Wildlife Sanctuary के अनेक क्षेत्रों में Mega Plantation अभियान चलाया गया जहां एक ही दिन में 01 लाख पौधे लगाए गए।
- अब तक 37.82 लाख और 6.70 लाख पौधे रोपे जा चुके हैं।

- स्थानीय पेड़ लगाकर Central Ridge में वनों के Ecological Restoration के लिए एक पायलट परियोजना भी शुरु की गई है।
- छोटे चेक–डैम के माध्यम से Central और Southern Ridge क्षेत्र में मिट्टी की नमी संरक्षण के कार्य भी किए गए हैं।
- यमुना नदी को फिर से जीवंत करने के लिए यह यमुना के Floodplains में भी प्रस्तावित है।
- 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली जैव विविधता परिषद' का गठन शहर की जैव विविधता के संरक्षण, प्रबंधन और वृद्धि के लिए किया गया है।
- पराली जलाने से रोकने के लिए सूचना और प्रचार अभियान शुरु किया गया है, तकनीकों का प्रदर्शन किया गया है, किसानों को Mobilize किया गया है और पूसा बायो–डीकंपोजर का व्यापक रुप से उपयोग किया गया है।

**कृषि और पशुपालन**

- दिल्ली एक महानगर है जहाँ तेजी से हो रहे शहरीकरण, भूमि उपयोग में परिवर्तन, पुनर्वास कार्यक्रमों आदि के कारण कृषि क्षेत्र कम हो रहा है।

- इसलिए उच्च मूल्य और कम मात्रा वाली कृषि को बढ़ावा दिया जा रहा है। विभाग की कृषि इकाईयां ग्राम स्तर पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है।
- मिट्टी, बीज और पानी के नमूनों के विश्लेषण के लिए किसानों को विशेषज्ञ सलाह प्रदान की जा रही है।
- हमारे पास 48 पशु चिकित्सा अस्पतालों और 29 औषधालयों का नेटवर्क है, जिसके माध्यम से पशु चिकित्सा सेवाओं में सुधार किया गया है और संक्रामक रोगों को नियंत्रित किया गया है।
- मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयां भी शुरु की गई हैं। मत्स्य पालन से संबंधित गतिविधियों को पुनर्गठित और विस्तारित किया जा रहा है।

**पर्यटन**

- दिल्ली को एक सांस्कृतिक पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई नए कदम उठाए हैं।
- दिल्ली पर्यटन विभाग ने अपनी वेबसाइट का विस्तार किया है और शहर में पर्यटन संबंधी सभी सूचनाओं के लिए One Stop Shop 'देखो मेरी दिल्ली' Mobile App भी लॉन्च किया है।

- फिल्मों के माध्यम से दिल्ली की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रोफाइल को ब्रांड बनाने के लिए 'दिल्ली फिल्म नीति–2022' का शुभारंभ किया गया है।
- आम लोगों की सहभागिता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों, मेलों और उत्सवों का आयोजन किया गया है।
- इसमें 'हर हाथ तिरंगा', बाबा साहेब अम्बेडकर के जीवन पर संगीतमय नाटक, गणेश चतुर्थी, तीज महोत्सव आदि शामिल है।
- दिल्ली में विकास की प्रक्रिया वांछित गति से सही दिशा में आगे बढ़ रही है। जन भागीदारी ने इसे एक सशक्त आयाम प्रदान किया है।
- दिल्ली एक राष्ट्रीय राजधानी होने के नाते देश के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले सभी लोगों को सेवा प्रदान करती है। मेरी सरकार ईमानदारी से आम जनों की आकांक्षाओं को पूरा करना चाहती है।
- माननीय अध्यक्ष जी और इस गरिमामय सदन के सदस्यगण, मैंने अपनी सरकार की महत्वपूर्ण नीतियों और कार्यक्रमों को मोटे तौर पर रेखांकित किया है।
- मैंने कार्यान्वयन के लिए पहचान किए गए नए महत्ववाले क्षेत्रों को भी शामिल किया है।

- वित्त मंत्री अपने बजट भाषण में इसका विस्तृत ब्यौरा देंगे।
- मुझे विश्वास है कि इस गरिमामय सदन के सदस्यों की मदद और सहयोग से हम सामने आने वाली सभी चुनौतियों पर काबू पा लेंगे और दिल्ली को एक आधुनिक, प्रगतिशील और वैश्विक शहर बनाएंगे।
- मैं आपके विचार-विमर्शों में सफलता की कामना करता हूँ और आशा करता हूँ कि वे दिल्ली को एक विश्व स्तरीय शहर में परिवर्तित करने के हमारे सपने को साकार करने में उपयोगी और सहायक होंगे।

**जय हिन्द!**

## Address of Hon'ble Lt. Governor

Respected Speaker and Hon’ble Members,

I extend a warm welcome to all of you to the Budget Session of the Legislative Assembly of Delhi.

I am happy to inform that my government over the last eight years has provided good governance, based on the principles of transparency, accountability, responsiveness and sensitivity. In spite of various constraints, my Government has taken up number of initiatives on various fronts and laid a strong edifice on which it can help build a developed and prosperous Delhi. As its commitment to

the people, my Government has tried its best to achieve excellence in every field of development.

**Economy**

- Economy of Delhi has attributes of a strong economy. The pandemic of COVID-19 virus adversely impacted the demand and supply of goods and services in the economy; however, Delhi has remained an island of robust economic fundamentals.
- The Gross State Domestic Product (GSDP) of Delhi at current prices increased from Rs. 6,16,085 Crores in 2016-17 to Rs.9,23,967 crores during 2021-22, registering a growth of 50%.
- The contribution of Delhi to national GDP (at current prices) is 4.22% as compared to its share of 1.52% in the total population of the country.
- The per capita income of Delhi at current prices is estimated at Rs. 4,01,982/- during 2021-22 registering an increase of 16.81% as compared to Rs. 3,44,136/- during 2020-21.
- The share of the services sector in Delhi's economy is about 83.94%. Delhi Government is aiming to increase the percentage of the working population of Delhi from the current 33% to 45% in the next five years.

- My Government has presented 'Rozgar Budget' focused on generation of employment opportunities for the citizens of Delhi and helping the economy recover from the losses due to Covid-19, GST and demonetizations over the past few years.
- Priority has been given to the retail sector, food and beverages, logistics and supply chain, travel & tourism, entertainment, construction, real estate, electronics, Electric Vehicles and green energy for creating new jobs.

**Education**

- Quality education supported by complementary infrastructure has been the professed goal of the Government.
- As a result of the Government's focused attention on improving the quality of education, the students of Delhi have done exceedingly well in the sphere of education.
- Government Schools recorded pass percentage of 98% and 97% at classes 12th and 10th level respectively, during the academic session 2021-22.
- Delhi Board of School Education has been set up and the Board entered into partnership with International Baccalaureate (IB) to inculcate cutting edge pedagogy and assessment tools in the schools of Delhi.

- The Board has started functioning in 41 schools of Delhi Government. In next few years, scope of coverage will be extended even to the willing private schools also.
- Schools of Specialized Excellence (SOSE) are world-class schools that cater to students who possess deep interest and aptitude in specific domains of study.
- In line with the National Education Policy (NEP) 2020, the SOSEs seeks to nurture the students so that they realize their full potential. Presently, 31 SOSEs are functioning in the domains of STEM, Humanities, Performing & Visual Arts, High-end 21st Century Skills and Armed Forces Preparatory Schools with about 6000 students.
- These choice-based schools are from grades 9th to 12th. By facilitating specialization at an early age, the SOSEs seek to prepare students for their chosen higher education pathways and aspirational careers in their respective fields.
- To equip children of Class 3rd to Class 9th with basic reading and writing skills and to do basic mathematics, 'Mission Buniyaad' programme was conducted and significant improvement was observed in the learning levels of the students. The process is still continuing with the objective to

fill the learning gap and to recover the learning loss due to COVID-19.

- In sync with the National Education Policy 2020, under "Hobby Hubs" programme, schools have been setup to enhance and nurture the innate abilities and skills of students through various activities by interested Academics/Individuals/NGOs in all Government Schools. This program encourages schools to utilize their resources and infrastructure to full capacity through these activities during non-teaching/ after school hours.
- To address wellbeing and happiness of the students and to promote development in cognition, language, literacy, numeracy and arts 'Happiness Curriculum' has been implemented so as to raise and prepare students to be mindful, aware, awakened, empathetic and firmly rooted in their identity.
- All classrooms will be converted into digital classrooms within 5 years. 'Project Voices' is being launched in all schools for students of Class 3rd to 12th for sharing thoughts through speaking. Concerning the future of underprivileged homeless children at an early age, my Government has decided to setup a boarding school with modern facilities for providing them food, shelter and quality education. Delhi Skill and

Entrepreneur University has added various courses in emerging areas to impart skills-oriented programmes.

- Similarly various foundation course and certificate courses have commenced in Netaji Subhash University of Technology. Delhi Pharmaceutical Sciences and Research University has added a Centre of Excellence 'Centre for precision medicine' with ultra-modern facilities. It will help in research in RTPCR, Genome Study etc.
- Phase-II construction work for Delhi Technological University is complete. Indira Gandhi Delhi Technical University for Women is running mentoring programme for school students for motivation towards better career and future prospects.

**Social Security and Welfare**

- My Government believes in inclusive development. We have made special efforts to help the vulnerable population (women, elderly etc.) and the poorest of the poor.
- Under Old Age Assistance Scheme, 4.08 Lakh beneficiaries and under Financial Assistance to Persons with Special Needs, more than 1.25 Lakh beneficiaries have been remitted pension respectively.

- Similarly, under the scheme of financial assistance to poor widows for performing marriage of their daughters and orphan girls, one time grant of Rs. 30,000 was sanctioned in 1668 cases. Financial assistance was also provided to 3.50 Lakh women in distress.
- An MoU has been signed with UN- Women to provide technical support to the Government of Delhi to strengthen the government's ongoing efforts on eliminating violence and discrimination against women, Gender Responsive Governance, Planning and budgeting across sectors, women's access to resources and opportunities for economic empowerment.
- The government has been working tirelessly for the welfare and development of SC/ ST/OBC/ Minorities communities. For welfare of SC/ST/OBC the Government is implementing 08 scholarship schemes. Under Jai Bhim Mukhyamantri Pratibha Vikas Yojana 38 more coaching institutes have been taken on panel of Delhi Government.
- Under Mukhyamantri Vidhyarti Pratibha Yojna students of Class 9th & 10th are being provided scholarship amount of Rs.5,000/- per annum and for students of class 11th & 12th grade of Rs. 10,000/- per annum are being provided as scholarship.

- My Government is committed to the welfare of the labourers. Minimum wages for unskilled workers is Rs.16,792/- per month; for semi-skilled worker, it is Rs.18,499/- per month while for skilled workers the minimum wages are Rs.20,357/- per month. These rates are the highest amongst all the States and Union Territories in the country and at par with the Central Government Rates in A-class cities. 32.42 Lakh unorganized workers have been registered on e-Shram portal.

**Infrastructure**

- As part of improvement of city infrastructure, construction of various projects related to underpasses, flyovers, subways have been completed.
- Construction of underpass and flyover at Ashram Chowk has been completed and the flyover is extended to DND Flyover.
- One tunnel from Purana Qila Road to Ring Road along with six numbers of underpasses on Mathura Road, Bhairon Marg and Ring Road have also been constructed. The underpass at Benito Juaraz Marg, bridge on Najafgarh drain at Basaidarapur, elevated road of Barapullah Phase-III from Sarai Kale Khan to Mayur Vihar has been completed.

- The work of Synthetic Athletic Track in Sports Complex at Village Kair and at Sarvodaya Vidyalaya, Prahladpur, Delhi is complete.
- The work of Synthetic Hockey Court at Vivekananda College, Vivek Vihar and Girls Hostel & Boys Hostel for Foreign Students and Engineering Office Block in NSUT Campus, Dwarka is also complete.
- 1,35,500 CCTV cameras have been installed throughout Delhi. On the occasion of 75th year of Independence, my Government has unfurled 500 National Flags of 115 ft. height and 165 ft. height at different locations so that every citizen of Delhi takes pride after seeing a national flag after every two-three kms, once he comes out of his home.
- Infrastructure in schools has been improved and approximately 20,000 classrooms have been inaugurated.
- All our future buildings will be net zero green building with zero waste.
- We are planning complete transformation of roads through street scaping programme. 34 Kilometres of new water pipelines have been installed and 117 Kilometres of old and rusted water line have been laid to improve drinking water

supply. Projects at Chandrawal Water Treatment Plant and Wazirabad Water Treatment Plant are near completion. For improvement of carrying capacity of the sewer lines, around 167 Kms of peripheral sewer line has been rehabilitated with trenchless technology.

**Health**

- Providing better health care facilities to the citizens of Delhi is one of the prime objectives of the Government.
- Delhi has created robust health infrastructure and 38 Multispecialty Hospitals, 174 Allopathic Dispensaries, 522 Aam Aadmi Mohalla Clinics, 30 Polyclinics, 60 Seed Primary Urban Health Centres (PUHCs), 46 Ayurvedic, 22 Unani, 107 Homeopathic Dispensaries, 22 Mobile Clinics etc. are providing preventive, promotive and curative health care services to the Citizens of Delhi.
- New Hospitals at Jwalapuri, Siraspur, Madipur and Vikaspuri are being constructed. Remodelling of 19 existing Hospitals has also been done.
- 05 new Hospitals at Bindapur, Baprola, Deendarapur, Keshavpuram and Sangam Vihar are at planning stage.

- More than 16,000 beds will be added after completion of new Hospitals and re- modelling of the hospitals.
- All essential drugs are being provided free of cost to patients attending public health centres of Delhi Government. Under 'Delhi Arogya Kosh' free treatment, surgery and diagnostic services are provided through identified private hospitals to the patients who cannot be provided treatment at Delhi government hospitals due to any reasons.
- Health knowledge and services are also being provided to school children in Delhi at 61 Centres.
- Health Information Management System (HIMS) project is in implementation phase. Pilot project are being done in two hospitals and later the project will be scaled up to all Hospitals and healthcare institutions.
- Health Card Project has been initiated, which aims to provide Health Card to all the eligible residents of Delhi wherein a QR code-based Health Card will be provided on the basis of voter ID Card. This will make it easier for all citizens to get timely treatment.

**Power**

- Delhi has extended electricity subsidy, irrespective of the load, of entire bill amount of domestic consumers utilizing up-to 200 units in a month and up-to Rs.800 per month to the domestic consumers utilizing up-to 201 units to 400 units per month during 2022-23.
- Peak Load Demand of 7695 MW was successfully met on 29.06.2022. The power outages have been reduced to 0.02%.
- Delhi Electricity Tariff remains lowest among neighbouring states.
- Government has also made efforts to promote renewal energy. Till date 238 MW capacity rooftop Solar PV Systems have been installed in Delhi. To promote green and clean transportation, 846 electric vehicle charging stations have been installed.

**Transport**

- My Government has placed public transport and well-designed infrastructure among its most crucial objectives.
- Delhi Transport Corporation has a total fleet of 4010 buses out of which 3760 are Low Floor Buses and 250 are e-buses

with zero emission. 1500 more electric buses are under addition.

- Bus Depots have been redeveloped and modernized. 30 new bus routes have been identified. Marshals have been deployed inside buses to ensure safety of passengers especially women.
- The existing network of Delhi Metro is 390 Kms. The connecting link between Mayur Vihar Pocket-1 and Trilokpuri - Sanjay Lake Metro stations of Pink Line has been commissioned.
- With the opening of this important connection, the 59 Km long Pink Line will seamlessly connect the northern and eastern fringes of Delhi. Also known as the 'Ring Corridor', the Pink Line will be the longest corridor of the Delhi Metro, forming a ring, with interchange facilities with all existing routes.
- Further Najafgarh - Dhansa Bus Stand extension of Grey Line has also been commissioned. Kirtinagar-Bamnoli Village Metro Line corridor of 19 KM and 21 stations is under approval.
- Transport Department has taken up a major initiative to provide all public services in a faceless manner, dispensing with the

requirement of a physical visit to MLO Offices. Delhi residents can avail of 33 transport documents online.

- Women are being provided free training for Heavy Motor Vehicles and LMV for induction into bus fleet and Cab aggregators respectively.

**Environment**

- The Government is committed to having a Green and Clean Delhi. Extensive efforts are being continuously taken to control air pollution. Continuous Ambient Air Quality Monitoring Stations at 40 stations has been established.
- Mechanical Road Sweepers and Water Sprinklers, Anti-smog Guns have been deployed all over Delhi to mitigate dust re-suspension.
- Efforts of the government has been significantly instrumental towards positive trend in air pollution levels.
- ‘Severe’ air quality dropped from 24 days in 2021 to 06 days in 2022.
- To protect Yamuna River, 13 CETPs and 35 STPs are tracking pollutant load, sewage and industrial effluents.

- 18 major drains which are falling into river Yamuna have been covered in Interceptor Sewar Project and flow of sub-drains under their command areas have been trapped and treated.
- 78% of the unauthorized colonies are also linked to sewerage system. The Wetland Authority of Delhi has completed geo-tagging and mapping of 1018 water bodies.
- Special Task Force has been constituted and Comprehensive Action Plan has been prepared to eliminate single use plastics in a mission mode.
- GNCTD is working actively to increase and protect the green cover and the wildlife of the city state. Green Cover has been increased to 342 Sq. Km. which covers 23.06% geographic area of Delhi.
- Green Action Plan 2022-23 has been launched with an annual plantation target of 42.81 lakh seedlings on the occasion of World Environment Day.
- During Van Mahotsav-2022 a Mega Plantation Drive was launched in Asola Bhati Wildlife Sanctuary where 01 lakh saplings have been planted in one single day.

- Till date 37.82 lakhs plant saplings have been planted and 6.70 lakhs plant saplings were freely distributed to the general public.
- A pilot project for ecological restoration of forests in Central Ridge has also been started by planting indigenous trees.
- Soil moisture conservation works has also been undertaken in the Central and Southern Ridge area in the form of small check-dams. It is also proposed in Yamuna floodplains to rejuvenate the river.
- 'The National Capital Territory of Delhi Biodiversity Council' has been constituted for conservation, management, and enhancement of city biodiversity.
- To stop stubble burning information and publicity campaign has been launched, technologies demonstrated, farmers have been mobilized and Pusa Bio-Decomposer solution has been extensively used.

**Agriculture and Animal Husbandry**

- NCT of Delhi is cosmopolitan city and the agriculture area is reducing due to fast urbanization, change of land use, rehabilitation programmes of the Government.

- Hence, high value and low volume agriculture is being promoted. Farmers' training programmes are being organized at village level.
- For analysis of soil, seed and water samples, services to the farmers are being provided and expert advice is given.
- Animal Husbandry Unit has network of 48 Veterinary Hospitals and 29 Dispensaries through which veterinary services have been improved and contagious diseases have been controlled.
- Mobile Veterinary Units have also been started. Fisheries activities are reorganized and expanded.

**Tourism**

- In order to promote Delhi as a cultural tourist destination, the Government has taken several steps.
- Delhi Tourism has augmented its website and also launched 'Dekho Meri Dilli' mobile app for one-stop-shop for all tourism related information in the city.
- Delhi Film Policy (DFP) 2022 has been launched to brand the national and international profile of Delhi through films.

- Various events, fairs and festivals have been organized like 'Har Haath Tiranga', musical play on the life of Baba Saheb Ambedkar, Ganesh Chaturthi, Teej Festival etc.

- The development process in Delhi is proceeding in the right direction at the desired pace. People's participation has provided a powerful dimension to this.

- Delhi being a National Capital attends to people from all parts of the country and from all walks of life, coming to work and making Delhi their home. My Government seeks to fulfil their aspirations, through sincere responsiveness & efforts.

- Respectful Speaker and Members of this august house, I have broadly outlined the important policies and programmes of my government.

- I have also included new thrust areas identified for implementation.

- Finance Minister will spell out the details in his Budget speech.

- I am sure that with the help and cooperation of the members of this august House we shall overcome challenges and transform Delhi into a modern, progressive and global city.

- I wish all the success in your deliberations and hope that they would be productive and help in generating new ideas for realizing our dream of turning Delhi into a world-class city.

Jai Hind !

**माननीय अध्यक्षः** अब श्रीमती राखी बिरला, श्री दिलीप कुमार पांडे जी कार्य मंत्रणा समिति का पाँचवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

**श्रीमती राखी बिरलाः** अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से कार्य मंत्रणा समिति का पाँचवां प्रतिवेदन सदन में प्रस्तुत करती हूं।[2]

**माननीय अध्यक्षः** अब माननीय मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल जी वित्तीय समितियों के निर्वाचन के लिएप्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे।

**माननीय मुख्य मंत्रीः** With your permission sir I move the following motion in the House that the members of this House do proceed to elect in the manner required under rule 192 (2), rule 194(2) and rule 196(2) of the Rules of procedures and conduct of business in the Legislative Assembly 9 Members each from amongst themselves to serve as Members of the Committee on Public Accounts, Committee on Estimates and Committee on Govt. undertakings beginning from Ist April, 2023.

**माननीय अध्यक्षः** यह प्रस्ताव सदन के सामने हैः–

जो इसके पक्ष में हैं, वे हाँ कहें

जो इसके विरोध में हैं, वे ना कहें

*(सदस्यों के हाँ कहने पर)*

हाँ पक्ष जीता, हाँ पक्ष जीता

प्रस्ताव पास हुआ।

**माननीय अध्यक्षः** अब सदन की कार्यवाही सोमवार, दिनांक 20

**श्री सौरभ भारद्वाजः** सर एक चीज़ अगर आपकी इजाजत हो तो सर ये उपराज्यपाल महोदय का अभिभाषण था और उसमें हमारे फ़्थि शैडयूल में सर ये है: Code of conduct of member during the LG's address. 'If, any member interrupts or obstructs the LG's address of the House either before or during or after the address while the LG is in the House with any speech or point of order or walk out or in any such manner such interruption, obstruction or show of disrespect in any such manner shall tantamount to an Act of disrespect to the LG and may be considered as a grossly disorderly conduct on the part of the concerned member or members and the contempt of House which may be dealt with by the House subsequently on a motion moved by a member.' सर ये मामला जो है ये हमारे हाउस का है। हमारे एलजी साहब से मतभेद हैं। मगर हम एलजी साहब को यही कहते हैं जो परम्पराएं हैं वो परम्पराएं

चलती रहें जो आज भारतीय जनता पार्टी वालों ने किया उन्होंने एक परंपरा को तोड़ा है तो मेरा सिर्फ सर आपसे ये अनुरोध है कि इस तरीके के मामले जो हैं सर एथिक्स कमेटी में डील होते हैं सर तो अगर हाउस की इजाजत हो आप पूछ लीजिए सर तो सर इसको उचित कमेटी में आप भेज दें।

...(व्यवधान)...

**माननीय अध्यक्षः** जो प्रस्ताव माननीय मंत्री सौरभ भारद्वाज जी द्वारा रखा गया है सदन के बीच में है,

जो सदस्य उससे सहमत हैं वो हां कहें,

जो सदस्य सहमत नहीं हैं वो ना कहें।

(सदस्यों के हां कहने पर)

हाँपक्ष जीता, हाँ पक्ष जीता

सौरभ भारद्वाज जी का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ।

अब सदन की कार्यवाही सोमवार दिनांक 20 मार्च, 2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिये स्थगित की जाती है। सभी माननीय सदस्यों का बहुत-बहुत धन्यवाद।

**(सदन की कार्यवाही सोमवार दिनांक 20 मार्च, 2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिये स्थगित की गई)**

...समाप्त...

© दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 की धारा 18 (2) के उपबंधों तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली विधान सभा प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 281 (2) के प्रावधानों के अंतर्गत प्रकाशित तथा ग्राफिक प्रिंटर्स, 2965 /41, बीडनपुरा, करोल बाग, नई दिल्ली-110 005 द्वारा मुद्रित।